तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 7 मार्च 2026

12 रंगों और खुशियों के साथ मनाई गई होली



13 अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रंगों ...





## खबर संक्षेप

### दो सटोरिया गिरफ्तार 1840 रुपए जब्त



**लवन।** समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर सट्टा-पट्टी लिखने वाले 2 आरोपी सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस हेल्पलाइन नंबर की सहायता से अपराधिक कृत्यों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ में लगातार कामयाबी मिल रही है। आरोपी वार्ड 14 लवन निवासी 26 वर्षीय राजकुमार साहू और वार्ड 4 निवासी 32 वर्षीय प्रशांत साहू को लवन नगर में बाजार चौक एवं जोगी तालाब पार में घेराबंदी कर सट्टा-पट्टी लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। सटोरियों से अलग-अलग मामलों में नगदी रकम 1840, सट्टा-पट्टी एवं 02 मोबाइल किया जब्त किया गया है। आरोपी सटोरियों के विरूद्ध थाना लवन में 4 क जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है।

### राज्य महिला आयोग की संभाग स्तरीय सुनवाई 12 को

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित रायपुर संभाग के जिलों से प्राप्त प्रकरणों की एक साथ महा जन-सुनवाई 12 मार्च को आयोग कार्यालय रायपुर में प्रातः 10 बजे से होगी। सुनवाई आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया द्वारा की जाएगी। सुनवाई के शेष पेज 13 पर

# अलग-अलग वारदातों में तीन की मौत, 13 गिरफ्तार

**होली पर्व पर आपसी रंजिश और अन्य कारणों से हुए विवाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

होली पर्व के एक दिन बाद 5 मार्च को रात 10.45 बजे लगभग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाटापारा के सामने मनोज ध्रुव एवं अन्य 3 आरोपियों द्वारा गणेश झंझोटे को रोका। पुरानी बात को लेकर वाद विवाद करते हुए अपने पास रखे चाकू से हत्या करने के नियत से गणेश झंझोटे के शरीर में वारकर दिया, जिससे गणेश को गंभीर चोंटे आई। तत्पश्चात उसे इलाज के लिए तत्काल निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



■ रास्ता रोक युवक पर चाकू से हमला, मौत

एसडीओपी तारेश साहू एवं शहर थाना टीआई अमित पाटले ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों की पहचान करने के बाद द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण में शामिल 4 आरोपियों की पहचान कर ली गई है और एक आरोपी मनीष ध्रुव को तत्काल हिरासत में भी ले लिया गया। अन्य तीन को शुक्रवार को पकड़ा गया। प्रकरण में जांच एवं विवेचना कार्रवाई जारी है। मृतक गणेश झंझोटे की हत्या करने वाले चारों आरोपी पुलिस की हिरासत में हैं। प्रकरण में प्राची करण राठौर उर्फ बिट्टू 27 वर्ष निवासी शक्ति वार्ड भाटापारा की रिपोर्ट पर धारा 126(2), 103(1), 109(1), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। संपूर्ण प्रकरण के संबंध में जांच एवं विवेचना कार्रवाई की जा रही है।

## होली पर गैतरा में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष

**भवानिपुर।** ग्राम गैतरा में होली पर्व के दौरान विवाद और मारपीट करने वाले उपद्रवियों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। गिधपुरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार 4 मार्च को होली उत्सव के दौरान ग्राम गैतरा में मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते



विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने लाठी, डंडे और लकड़ियों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इस संघर्ष में दोनों पक्षों के कई लोगों को चोटें आई हैं।

सूचना मिलते ही थाना गिधपुरी का पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित करते हुए उपद्रवियों को अलग किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर कुल 3 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए हैं, जिसमें फेकर परिवार से विष्णु प्रसाद 45, समीर 18, देव कुमार 40, संतोष 42, प्रीतम 22, रवि 24 और रविंद्र फेकर 18। मनहरे एवं साण्डे परिवार से किशन मनहरे 25, किशोर मनहरे 34, विकास साण्डे 19, अजय साण्डे 20, आदित्य साण्डे 21। एक विधि से संघर्षरत बालक शामिल हैं। पकड़े गए सभी आरोपियों ने होली पर आपसी विवाद के बाद लाठी-डंडों से मारपीट करना स्वीकार किया है। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा है।

### युवक पर चाकू से हमला, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**लवन।** बूढ़ा तालाब के पास पुरानी रंजिश में एक युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले मुख्य आरोपी को लवन पुलिस ने चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू और मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी सोनू जायसवाल निवासी वार्ड 8 लवन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 4 मार्च की रात करीब 8.30 बजे जब वह बूढ़ा तालाब के पास था, तब आरोपी महेंद्र वर्मा अपने साथियों के साथ मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा। आरोपी ने सोनू से पुरेंद्र जायसवाल के बारे में पूछताछ की। जब सोनू ने जानकारी होने से इनकार किया, तो आरोपी भड़क गया। आरोपियों ने सोनू के साथ अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान हत्या करने की नीयत से महेंद्र वर्मा ने अपने पास रखे चाकू से सोनू के पेट पर प्राणघातक वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना लवन पुलिस ने दबिश देकर आरोपी 23 वर्षीय महेंद्र वर्मा को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त एक धारदार चाकू, बाइक जब्त की है। बीएनएस धारा 296, 351(2), 115(2), 109(1), 3(5) आर्म्स एक्ट धारा 25, 27 के तहत अपराध दर्ज किया है।



### वाहन की ठोकर से बाइक चालक की मौत

**गिधौरी।** गिधौरी-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर ग्राम हसुवा और धमलपुर के बीच गुरुवार को अज्ञात वाहन बाइक चालक को ठोकर मारकर फरार हो गया, जिससे बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गिधौरी से बलौदाबाजार मुख्य सड़क पर तकरीबन 1 बजे ग्राम हसुवा और धमलपुर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सीडी डीलक्स क्र.सी जी 13 ए डब्ल्यू 5826 को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक मृतक देवेन्द्र प्रसाद साहू मौके पर मौत हो गई। मृतक ग्राम घाना थाना भटगांव जिला बिलाईगढ़ सारंगढ़ निवासी था, जो रायपुर में पढ़ाई करता था। गुरुवार को रायपुर से अपने ग्राम घाना भटगांव आ रहा था। उसी बीच ग्राम हसुवा और धमलपुर के बीच हादसा का शिकार हो गया। इधर मृतक की आईडी से घटना की सूचना परिजनों को दी गई। शव को तत्काल एम्बुलेंस से कसडोल सामुदायिक केंद्र ले जाया गया।



# पुराने तहसील कार्यालय में लगी आग से मचा हड़कंप





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में लगातार सामने आ रही आगजनी की घटनाओं ने एक बार फिर अग्निशमन व्यवस्था और संसाधनों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। शुक्रवार तड़के बलौदाबाजार के पुराने तहसील कार्यालय में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। वहीं गुरुवार रात केडिया व्यापार विहार परिसर में कचरे के ढेर में लगी आग से बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इन घटनाओं के बाद शहर में लंबे समय से लंबित फायर स्टेशन के सुदृढ़ीकरण और नए भवन की मांग एक बार फिर तेज हो गई है।

■ घटना के बाद फायर स्टेशन की मांग फिर हुई तेज

जानकारी के अनुसार शहर स्थित वर्ष 1907 में निर्मित पुराने तहसील कार्यालय भवन में शुक्रवार तड़के आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग एसडीओपी कार्यालय की पुरानी बिल्डिंग की ओर से शुरू होकर धीरे-धीरे तहसीलदार कार्यालय तक पहुंच गई। भवन की ऊपरी संरचना लकड़ी और खपरैल की होने के कारण आग तेजी से फैल गई। आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को भवन की कुछ दीवारें भी तोड़नी पड़ीं। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। कर्मचारियों ने तत्काल महत्वपूर्ण रिकॉर्ड और शेष पेज 13 पर

### फायर स्टेशन के विस्तार की मांग है लंबित

शहर में बढ़ती आगजनी की घटनाओं के बीच लंबे समय से आधुनिक फायर स्टेशन भवन की मांग उठती रही है। पूर्व में भी संसाधनों और भूमि के अभाव के कारण अग्निशमन व्यवस्था प्रभावित होने की बात सामने आ चुकी है। हालांकि नए हाईटेक भवन के लिए स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है।



## खबर संक्षेप



### चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज की वार्षिक आमसभा हुई

**पलारी।** चन्द्राकर समाज द्वारा आयोजित वार्षिक आम सभा की मुख्य अतिथि मनोहर चन्द्राकर एवं एम एल चन्द्राकर एवं अध्यक्ष दिनेश चन्द्राकर अध्यक्षता में हुई। इस आमसभा बैठक की शुरुआत अतिथियों द्वारा समाज की आराध्य देव भगवान रामचंद्र जी, भारत माता की पूजा अर्चना कर हुई। पश्चात वार्षिक आय व्यय, सामाजिक प्रस्ताव पर विचार हुई। इस वार्षिक आमसभा में समाज के विकास,भावी योजनाओं और सामाजिक एकता पर चर्चा हुई। साथ ही, समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष कार्यक्रम की योजना बनी जिस पर सामाजिकजनो की सहमति मिली। इस अवसर पर पवन चन्द्राकर न्याय कमेटी, गोकुल चन्द्राकर ट्रस्ट कमेटी, नोहर चन्द्राकर शिक्षा समिति, अध्यक्ष डा दिनेश चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### अर्जुनी में अखण्ड नवधा रामायण कल से

**अर्जुनी।** ग्राम पंचायत अर्जुनी के गांधी चौक में श्री अखण्ड नवधा रामायण समारोह का आयोजन रखा गया है।रामायण 8 मार्च से प्रारंभ होकर 17 मार्च को विसर्जन एवं सहस्त्रधारा के साथ समापन होगी। मंच में उपस्थित होने वाली मानस मंडलियो को 801 रुपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी। मानस मंडलियो में चार सदस्य अनिवार्य किया गया है। रामायण समिति के अध्यक्ष गजाधर वर्मा एवं मंच संचालक गंगाप्रसाद यदु ने मानस मंडलियो को आमंत्रित करते हुए मानस मंच में पहूंचकर संगीतमय श्री राम कथा का श्रवण कराने का आग्रह किया है।

### झेरिया धोबी समाज तरेंगा राज का सम्मेलन आज से

**अर्जुनी।** झेरिया धोबी समाज तरेंगा राज का दो दिवसीय वार्षिक महाधिवेशन 7 व 8 मार्च को सिंगारपुर मावली में समाज के श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में रखा गया है। झेरिया धोबी समाज तरेंगा राज के अध्यक्ष त्रिलोचन रजक सचिव नारायण निर्मलकर मंच संचालक गन्नू लाल रजक ने बताया कि दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा होंगे। अध्यक्षता रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि राजा जायसवाल, सभापति जिला पंचायत मनोज निर्मलकर, प्रदेशाध्यक्ष पुरूषोत्तम रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीराम रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार कृष्णकुमार निर्मलकर, प्रदेश महासचिव झड़ीराम कन्नौजे, केंद्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कन्नौजे धोबी समाज व संरक्षक प्रदेश धोबी समाज निर्मला रजक, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ धोबी समाज एवं कनक मनहरे सरपंच ग्राम पंचायत सिंगारपुर होंगे। अधिवेशन में प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान समाज की वर्तमान आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर विचार विमर्श होगा।

### चाक चौबंद व्यवस्था के बीच मना होली पर्व

**लवन।** रंगों का महापर्व होली पर्व लवन सहित क्षेत्र के सभी ग्रामों में भाई चारे अमन चैन एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मना । संवेदनशील पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के कुशल मार्गदर्शन, एस डी ओ पी अपूर्वा सिंह एवं लवन थाना प्रभारी शशांक सिंह राजपूत के कुशल नेतृत्व में पूरे लवन अंचल सहित क्षेत्र के ग्रामों में होलिका दहन एवं होली पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मना।लोग नगाड़ो की थाप पर फ़ाग गीतों का आनंद लेकर एक दूसरे पर भाई चारे के साथ रंग गुलाल लगाकर पर्व का निर्वहन किये। इस अवसर पर प्रत्येक घरों में छत्तीसगढ़ के विभिन्न पकवानों की महक रसोई की शान बना रहा। बच्चे युवा, महिलाओं सहित बुजुर्गो ने खूब होली में रंग गुलाल खेलते हुए आनंद से झुम उठे। क्षेत्र के ग्राम पंचायत तिल्दा में भी होली का पर्व उत्साह के साथ मनाए गए।

**होली पर्व : सम्मान समारोह का आयोजन हुआ**

# मंत्री टंकराम के होली गीतों पर नाचते झूमते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





नगर पालिका परिषद व भाजपा मंडल द्वारा नगर भवन में होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंत्री टंकराम वर्मा के विशेष उपस्थिति में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन नगर भवन में किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं पार्षदगणों की उपस्थिति में मंत्री टंकराम वर्मा का विशाल पुष्पों का हार पहना कर सम्मान किया गया व रंगों से भरी स्मृति चिन्ह भेंट कर होली की शुभकामनाएं दी।

मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा सभी नगर एवं विधानसभा वासियों को होली पर्व पर शुभकामनाएं देते हुए किए गए स्वागत एवं अभिनंदन पर आभार व्यक्त किया गया। 2 वर्ष के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों की संक्षिप्त में जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ लोक कला मंच लोक बाजार आरंग के द्वारा आयोजित संगीत प्रस्तुति के अवसर पर कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के द्वारा भी संगीतमय प्रस्तुति देते हुए होली के गीत व फाग गीत गाते हुए माहौल को रंगों से सराबोर कर दिया गया, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने होली मिलन के साथ आयोजित सम्मान समारोह के आयोजन पर विधानसभा में किए गए 2 वर्षों के कार्य की उपलब्धि सहित नगर में विकास कार्यों की जानकारी दी गई, व विकास कार्यों को फ्लेक्स के माध्यम से दर्शित भी किया गया।

आयोजन के दौरान पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, सुनीता वर्मा के द्वारा भी सभी को होली की बधाई दी गई। बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र व तिल्दा क्षेत्र के सभी लोग इस कार्यक्रम में शामिल होकर स्नेह भोज का आनंद उठाया गया, आयोजन के दौरान तिल्दा नगर पालिका की अध्यक्ष चंद्रकिरण वर्मा, अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विकास सुखवानी, सभी मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में आयोजन के दौरान सभी रंग गुलाल खेल कर होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा आमंत्रित सभी लोगों का गुलाल का टीका लगाते हुए होली खेली गई, इस दौरान नगर पालिका के उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशीष तिवारी एवं सभापति व पार्षद गण सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी व नागरिकगण व महिला मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मंत्री टंकराम वर्मा के निवास पर हुआ होली मिलन का आयोजन

**हथबंद।** होली के पावन पर्व पर बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक और मंत्री टंकराम वर्मा के गृह ग्राम चांपा स्थित निज निवास पहुंचकर जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने सौजन्य भेंट की और होली की बधाई दी। इस अवसर पर सभी ने मंत्रीजी से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री वर्मा ने आमजन एवं कार्यकर्ताओं के साथ होली मिलन कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने सभी को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी और कहा कि होली का त्यौहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने सभी से होली शांति एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश चवरे, सरपंच डोमार मारकंडे, नरेश अनंत सहित सुहेला मंडल एवं हथबंद नवापारा मंडल के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







### ग्रामीण अंचल में हर्षोल्लास से मनी होली



**हिरमी रावन।** अंचल सहित आसपास के गांवों में रंगों का त्योहार होली उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों में त्योहार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। गांवों की गलियों और चौक-चौराहों पर रंग-गुलाल की धूम रही तथा ढोल-नगाड़ों और गीत-संगीत के साथ लोगों ने आनंदपूर्वक त्योहार का आनंद लिया। महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर होली के इस पर्व में भाग लिया। समूह बनाकर महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए और एक-दूसरे को रंग लगाकर खुशियां साझा कीं। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां लोगों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

### सर्वा में जनप्रतिनिधियों ने मनायी होली

**सेल।** ग्राम पंचायत सर्वा में भाजपा जिला मंत्री एवं सरपंच ने होली का पर्व मनाया। पूर्व मंडल अध्यक्ष मेलाराम साहू के निवास में फाग गीत टोली के बीच जमकर होली खेलकर एक दूसरे को हर्बल गुलाल लगाकर होली मनाई गई। सरपंच ग्राम पंचायत सर्वा संतोष कश्यप दोनों ने भाजपा जिला मंत्री के निवास के आंगन में फाग गीत के होली खेला गया। होली त्यौहार के साथ मनाया गया। ढोल नगाड़े में फाग गीत गाते हुए और कीर्तन पार्टी के साथ गायन वादन के साथ मनाया गया। ढोल नगाड़े के धुन में थिरकते हुए इस साल सरपंच एवं ग्रामवासी के सर्व सहमति आदर्श होली त्यौहार मनाया गया है। एक दूसरे रंग गुलाल लगाकर होली त्यौहार का मुबारक बाद दिया गया हैं, रंग गुलाल से उड़े।



## खपराडीह में पहली बार खेली गई फूलों की होली



**सुहेला ।** ग्राम पंचायत खपराडीह में इस वर्ष पहली बार फूलों की होली खेलने की परंपरा की शुरुआत की गई। यह आयोजन सरपंच गजेंद्र वर्मा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रासायनिक गुलाल के बजाय गेंदे और पलाश के फूलों को एकत्रित कर उनसे होली खेली गई। फूलों से होली खेलने के इस अनोखे आयोजन ने पूरे गांव में उत्साह का माहौल बना दिया। ग्रामीणों ने इसे पर्यावरण के अनुकूल और परंपरागत संस्कृति को बढ़ावा देने वाला सराहनीय प्रयास बताया।

फूलों की होली के कार्यक्रम में गांव की महिलाएं और युवा भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और सभी ने मिलकर फूलों से होली खेलकर खुशियां मनाईं। खपराडीह में इस प्रकार का आयोजन पहली बार किया गया, जिससे ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान फाग गीत, भक्ति गीत और संगीत की भी शानदार प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज के सांस्कृतिक प्रभारी नरेश धुरंधर एवं टीम रावन द्वारा फाग गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिसने माहौल को और भी रंगमय बना दिया। इस अवसर पर भूतपूर्व सरपंच सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## बैठक में पेंशनधारी कल्याण संघ ने मनायी होली



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा एवं तहसील शाखा बलौदाबाजार द्वारा 5 मार्च को मासिक बैठक एवं होली मिलन समारोह कार्यक्रम रखा गया। जिसमें जिला शाखा के पदाधिकारी एवं तहसील शाखा बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा एवं पलारी के सभी पेंशनर साथी उत्साह के साथ भाग लिये। होली मिलन समारोह में कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए बाहर से नगाड़ा बजाने वालों को आमंत्रित किया गया था।

होली मिलन कार्यक्रम में भगवान श्री कृष्ण एवं श्री रामजी की लीलाओं को फागगीत के माध्यम से सुनाया गया। जिससे सभी पेंशनर साथियों ने नगाड़े की थाप पर नाचते हुए अपने पुराने दिनों की याद को ताजा किया। तत्पश्चात नवनियुक्त कलेक्टर कुलदीप शर्मा से सौजन्य भेंट किया गया। कलेक्टर का पेंशनर संघ की ओर से शाल श्रीफल एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया एवं होली की बधाई दी गई।

### रंगों और खुशियों के साथ मनाई गई होली

**सुहेला - रावन ।** गांव में इस वर्ष होली का त्योहार बड़े ही उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांव की महिलाएं एकत्रित होकर रंग-गुलाल के साथ होली की खुशियां मनाती नजर आईं। सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर और हंसी-मजाक के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में रंगों से सराबोर होकर एकजुटता और खुशी का संदेश दिया। इस दौरान छोटे बच्चे भी उत्साह के साथ रंगों में खेलते दिखाई दिए। गांव में आपसी प्रेम, सौहार्द और उमंग के साथ मनाई गई होली ने पूरे माहौल को रंगीन और आनंदमय बना दिया।



### होली पर्व पर कीर्तन मंडली के साथ निकाली रैली

**भटगांव।** नगर पंचायत भटगांव के लिए इस वर्ष होली का पर्व ऐतिहासिक और क्षेत्र के लिए प्रेरणा दायक व यादगार रहा, जहां इस साल होली का पर्व आदर्श होली के रूप में नगर भटगांव में दिखाई दिया। इसमें नगर के हर मोहल्ले से पुरुष वर्ग, नारी शक्तियों ने आगे बढ़ कर उत्साह व श्रद्धा से संकीर्तन करते हुए होलिका दहन स्थल में पहुंच कर नर्सिंग भगवान की पूजा अर्चना की और परिक्रमा कर क्षेत्रवासियो व देशवासियो के लिए मंगल कामनाएं किये।



### रोजगार कार्यालय परिसर में प्लेसमेंट कैम्प 11 मार्च को

**बलौदाबाजार ।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु रोजगार कार्यालय परिसर बलौदाबाजार में 11 मार्च को निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा प्राप्त रिक्त पदों के लिये प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) बलौदाबाजार द्वारा एलआईसी अभिकर्ता के 100 पद, योग्यता 10वीं से उच्च, उम्र 18 से 50 वर्ष, वेतन 7000 एवं कमीशन, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। अलर्ट सेक्युरिटी रायपुर द्वारा सेक्युरिटी गार्ड के 50 पद, योग्यता 8वीं से उच्च, वेतन 10000 से 13000 हजार, असिस्टेंट सुपरवाइजर के 20 पद, योग्यता 12वीं से स्नातक, वेतन 10000 से 13000 हजार, अनुभव 1 वर्ष सेक्युरिटी सुपरवाइजर के 8 पद, योग्यता स्नातक एवं उच्च, वेतन 13000 से 16000 हजार, अनुभव 2 वर्ष, टेंडर के 2 पद योग्यता स्नात्कोत्तर, वेतन 10000 से 15000 हजार अनुभव दो वर्ष, मार्केटिंग के 4 पद, योग्यता स्नातक से स्नातकोत्तर, अनुभव 2 वर्ष, वेतन 20000 से 25000 हजार पदानुसार देय होगा उम्र 20 से 45 वर्ष कार्यक्षेत्र रायपुर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ होगा। प्लेसमेंट कैम्प सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक रोजगार कार्यालय परिसर बलौदाबाजार में आयोजित किया जायेगा।

## कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल/कसडोल

कलेक्टर कुलदीप शर्मा आज कसडोल विकासखंड के भ्रमण पर निकले। उन्होंने कसडोल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान दवा वितरण केन्द्र में एक ही फार्मासिस्ट होने के कारण मरीजों को दवा प्राप्त करने में हो रही समस्या को दूर करने जीवन दीप समिति से 2 फार्मासिस्ट की व्यवस्था करने तथा मेल एवं फीमेल वार्ड को पृथक -पृथक संचालित कर शौचालय को स्वच्छ रखने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने अस्पताल के ओपीडी में पंजीयन व्यवस्था सहित सभी कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधा दो दिन से बढाकर महीने में तीन दिन 7, 14 एवं 21 तारीख को उयलब्ध कराने कहा। कुष्ठ रोग क़क्ष में एक मरीज को मेडिकल किट व चप्पल वितरण किया। दवा भण्डारण क़क्ष में उपलब्ध दवाई की सूची कालातीत दवाइयां को अलग करने की अवधि आदि की जानकारी ली। आपातकालीन क़क्ष के निरीक्षण के दौरान एक कर्मचारी अनुपस्थित रहे जिसे नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने एनआरसी क़क्ष में भर्ती कुपोषित बच्चों की जानकारी ली और उन्हें निर्धारित डायट चार्ट अनुसार समय पर पूरक पोषण आहार देने के निर्देश दिये। फिजियोथिरेपी क़क्ष में उपचारत मरीजों से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में पूछ -ताछ की। उन्होंने फिजियोथिरेपिस्ट की बेहतर कार्य की सराहना करते हुए निरंतरता बनाए रखने कहा। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, रामरतन दुबे एसडीएम, सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार अवस्थी, बीएमओ रवि अजगल्ले सहित अन्य अधिकारी

### मामूली विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या

**खरोरा।** ग्राम मांठ में होली के दौरान संगीत बजाने जैसी मामूली बात पर हुए विवाद में दो नाबालिगों और उनकी मां ने मिलकर एक युवक की हत्या कर दी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम मांठ में मृतक मोहित धीवर अपने साथियों के साथ घर में होम थिएटर पर गाने बजा रहा था। इसी बात को लेकर पड़ोस में रहने वाले दो नाबालिगों और उनकी मां हीरा बाई के साथ विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने बटन चाकू और हंसिये से जानलेवा हमला कर दिया।

इस हमले में मोहित धीवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि देवा वर्मा और लक्ष्मीनारायण गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज खरोरा के एक निजी अस्पताल में जारी है। खरोरा पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1), 109(1) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## ओमकार हॉस्पिटल का लाइसेंस सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ नियमों के उल्लंघन पर की गई कार्रवाई

छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010, 2013 और नर्सिंगहोम अधिनियम के उल्लंघन पर ओमकार हॉस्पिटल का लाइसेंस सस्पेंड कर किया गया है।

जारी आदेशानुसार छुईहा बलौदाबाजार स्थित ओमकार मल्टीस्पेस्लिटी हॉस्पिटल के विरुद्ध शिकायत प्राप्त होने पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी बलौदाबाजार एवं नर्सिंग होमएक्ट के जिला स्तरीय चिकित्सा विशेषज्ञ समिति से जांच करायी गयी। अनुविभागीय दण्डाधिकारी बलौदाबाजार एवं चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से ओमकार मल्टीस्पेस्लिटी हॉस्पिटल छुईहा बलौदाबाजार छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010 में अध्याय-दो की धारा के कण्डिका 3 अनुसार अनुज्ञा पत्र का निरस्तीकरण अथवा निलंबन हेतु 30 दिवस का नोटिस जारी किया गया। प्रस्तुत जवाब का परीक्षण किए जाने पर जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध शिकायत एवं जांच प्रतिवेदन अनुसार संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाए अनुज्ञापन अधिनियम 2010, 2013 के धारा 10 के अनुसूची के अस्पताल और नर्सिंग होम के कंडिका 7.2. धारा 14 के अनुसूची 7 के नियम 3 के उप कंडिका एक, दो एवं ग्यारह एवं धारा 17 के 1 व 2 के छ एवं 3 का उल्लंघन किया गया है। इस कारण ओमकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल को जारी अनुज्ञा पत्र को निलंबित कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### हायर सेकंडरी में हुई रासेयो की बैठक

**हथबंद।** यहां के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वयं सेवकों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान स्थानीय एवं बोर्ड परीक्षा के बाद आदर्श समाज के निर्माण हेतु सेवा कार्य को सुचारू रूप से संचालित रखे जाने चर्चा की गई। स्वयंसेवक लक्ष्मी चेलक के नेतृत्व में बढ़ते गर्मी को देखते हुए शाला परिसर में रोपित पौधे को पानी दिया गया। अनुशासन प्रभारी आमीन बंजारे द्वारा ग्रीष्म अवकाश में भी सेवा कार्य को सतत जारी रखने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में मीनाक्षी कोसले, आमीन बंजारे, मानसी ध्रुव, सीमा पाल, वेदांत निषाद आदि सहित 35 स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### पेंशनर्स समाज की मासिक बैठक कल



**खरोरा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील इकाई खरोरा की मासिक एवं आवश्यक बैठक 7 मार्च कोदोपहर 2 बजे पेंशनर्स भवन, देवांगन कॉम्प्लेक्स, नवांगांव रोड, केशला में आयोजित की जाएगी। बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य एवं प्राथमिक मानी गई है। बैठक में होली मिलन समारोह तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान कार्यक्रम हेतु सहयोग राशि 200 रुपये जमा करने, पेंशनर्स चिंतक पत्रिका का वर्ष 2025-26 का सदस्यता शुल्क 200 रुपये जमा करने, आजीवन सदस्यता ग्रहण न करने वाले पदाधिकारियों से 800 रुपये सदस्यता शुल्क लेने, वार्षिक सदस्यों से नवीनीकरण शुल्क लेने तथा वर्ष 2025 से निर्धारित 100 रुपये मासिक सहयोग राशि के बकाया जमा करने जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## पेज 11 के शेष

### राज्य महिला आयोग...

लिये संभाग अंतर्गत जिलों से कुल 290 प्रकरण निर्धारित किये गए है जिसमें से 43 प्रकरण बलौदाबाजार-भाटापारा जिले से सम्बंधित हैं।

### पुराने तहसील कार्यालय...

दस्तावेजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि इस घटना में कुछ कंप्यूटर सिस्टम जलकर नष्ट हो गए। एसडीएम के अनुसार रिकॉर्ड रूम सुरक्षित है और सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित बताए जा रहे हैं। इधर गुरुवार रात करीब 10 बजे केडिया व्यापार विहार परिसर में प्रताप जनरल स्टोर्स के पास कचरे के ढेर में अचानक आग लग गई। आग की लपटें तेज होने से आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद व्यापारियों ने एकजुट होकर आग बुझाने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। व्यापारियों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद करीब 45 मिनट तक फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुंच पाई, जिससे नाराजगी भी देखने को मिली।

**न्यायालय तहसीलदार, सुहेला**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र........ब/121/2025 ग्राम- मोहरा प.ह.नं. 42

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया गया आवेदक एकनाथ साहू पिता श्री सुखीराम साहू जाति तेली निवासी व ग्राम मोहरा प.ह.न. 42 तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। आवेदक की परदादी बुधियारिन पति भवानी का मृत्यु दिनांक 02/02/1980 को स्थान मोहरा में हुआ हैं। भुलवश ग्राम पंचायत मोहरा मे 'मृत्यु पंजीयन दर्ज नही करा पाये थे। जिसके कारण आवेदक की परदादी बुधियारिन पति भवानी का मृत्यु दिनांक 02/02/1980 का मृत्यु पंजीयन दर्ज किये जाने हेतु सचिव ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने का निवेदन किया हैं। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 12.03.2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.02.2026. को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार सुहेला

## साबर पंचायत में मनायी गई आदर्श होली...

**सेल।** ग्राम पंचायत साबर में आदर्श होली त्यौहार महिला पुरुष के साथ मनाया गया। ढोल नगाड़े में फाग गीत गाते हुए और कीर्तन पार्टी के साथ गायन वादन के साथ मनाया गया। एक दूसरे रंग गुलाल लगाकर होली त्यौहार का मुबारक बाद दिया गया हैं। सरपंच दुर्गा वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश वर्मा, उपसरपंच आनंद साहू, पंच प्रतिनिधि हेमलाल वर्मा, पंच प्रहलाद वर्मा, पंच विरेंद्र कुमार वर्मा, पवन श्रेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए थे। तीन मार्च को रात्रि में पेट्रोलिंग गाड़िया गांव-गांव जाकर शांति व्यवस्था बनाए जा रहे थे। आसपास के गांव मोतीपुर, आमाखोहा, खर्रि, बिलारी, असनींद, भंवरीद, सर्वानी, सर्वा, बैजनाथ, खैरा, झबड़ी, मडकडा, थरहीडीह, मल्दी, मल्दा, मुड़पार, छेछर, भद्रा, सिंनोधा, मुडियाडीह, सोनाईडीह, देवरीकला, छांछि, छरछेद, पिसीद सहित आसपास के गांवों में शांति पूर्वक होली का पर्व मनाया गया है।





### पर्व : ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमे युवा, बच्चों-बुजुर्गों में दिखा उत्साह, घर-घर बने गुजिया, मालपुआ, बड़ा-पूरी

# अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रंगों का पर्व होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

अंचल में रंगों का पर्व होली उमंग के साथ मनायी गई। सुबह से ही गांव और नगर के विभिन्न मोहल्लों में लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में उत्साह देखने को मिला।

होली के अवसर पर युवाओं की टोलियां ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचती-गाती नजर आईं। घर-घर में पारंपरिक व्यंजन जैसे गुजिया, मालपुआ, बड़ा,पुड़ी और अन्य मिठाइयाँ बनाई गईं। महिलाओं ने भी समूह बनाकर फाग गीत गाए और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ त्योहार मनाया। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर रंग-गुलाल का रंगीन दृश्य देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कुल मिलाकर बिलाईगढ़ अंचल में होली का पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। रंगों की फुहारों के बीच लोगों ने एकता और भाईचारे का संदेश देते हुए त्योहार को यादगार बना दिया।



### शांति माहौल में मनाई गई होली

**लवन।** लवन क्षेत्र के कोलिहा, मुंडा, सर्वाडीह, कोरदा, डोगरा, अहिल्दा, बगबुड़ा, ख़ैदा सहित आसपास छुटपुट घटनाओं को छोड़कर सभी जगह शांति माहौल में धूमधाम से मनाया गया। लगभग सभी गांव में पुलिस की पेट्रोलियम टीम भी बीच-बीच में गांव पहुंचकर शांति व्यवस्था बनाए रखने का अपिल की गई। इसका परिणाम भी सकारात्मक देखने को मिला प्रातः से ही युवाओं की टोली सज धज कर ढोल नगाड़े एवं मांदर की थाप पर फाग गीत गाते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया गया एवं होलिका दहन में जाकर पारंपरिक रीति रिवाज के साथ हवन यज्ञ किया गया पुनः शाम को गांव में डंडा नृत्य का भी आयोजन किया गया ग्राम पंचायत कोलिहा के डॉ हरिकिशन वर्मा लोमश वर्मा रामसनेही वर्मा द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि होलिका उत्सव भारत में एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो रंगों और प्रेम का प्रतीक है।



### बंगोली अंचल में होली शांतिपूर्वक मनी

**बंगोली।** अंचल के कुर्रा, धनसुली व मूरा में होली पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। पर्व पर सुबह बच्चों, बड़े-बुजुर्गों ने अबीर, गुलाल से एक दूसरे पर प्रेम रंग लगाकर बुरा न मानो होली है बोलते हुए आपस में गले मिले। वहीं दोपहर से बच्चों ने पिचकारी में रंग भरकर संध्या बेला तक रंग से सराबोर करते रहे। इस अवसर पर बाजार चौक, बजरंग चौक मे नंगाड़ा, मजीरा से फाग गीत गाया गया। ग्राम की महिलाओं ने भी पुरुषों से कम नहीं बल्कि अपनी टोली बनाकर नगाड़ा बजाकर फाग गीत गाती हुई होली मनाई, जबकि ग्राम के नाबालिग बच्चों से लेकर युवा वर्ग व बड़े बुजुर्गों को शराब के नशे में धुत होकर झुमते मिले। इस दौरान पूरे होली पर्व पर कहीं अप्रिय घटनायें घटित नहीं हुई व बंगोली अंचल सहित कुर्रा, धनसुली व मूरा सभी ग्रामों में शॉतिपूर्वक होली खेली गई।

### होली पर हथबंद पुलिस ने 32 गांवों में की सघन गश्त



**हथबंद।** होली के अवसर पर हथबंद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए नगर सहित थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 32 गांवों में सघन गश्त की गई। थाना प्रभारी गोकुल प्रसाद पटेल के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक संजीव सिंह राजपूत तथा आरक्षक देव निराला, सत्यदेव बंजारे, प्रवीण वर्मा एवं भारत बंजारे ने संयुक्त रूप से नगर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्र और संवेदनशील स्थानों के साथ-साथ सभी 32 गांवों में लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस टीम ने हुड़दंग, शराब पीकर वाहन चलाने और असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी। साथ ही आमजन से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की।

थाना प्रभारी गोकुल प्रसाद पटेल ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का प्रतीक है। कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें आम नागरिकों का सहयोग भी आवश्यक है।पुलिस की सतर्कता और सक्रियता के चलते पूरे हथबंद क्षेत्र में होली का पर्व शांति एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

### मुड़पार में होली पर गूंजी नगाड़ों की धुन



**खरोरा।** ग्राम मुड़पार में नगाड़ों के धुन पर होली मनायी गई। होली के अवसर पर वीआईपी ग्रुप्स द्वारा रंगों व नगाड़ों के साथ होली त्यौहार का स्वागत किया गया, युवा साथीगण पारंपरिक फाग गीतों पर झूमते हुए रंगों से सराबोर होते रहे। होली त्यौहार शालीनता व सुरक्षात्मक ढंग से खेला गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष प्रमोद कुर्मी ने होली की शुभकामनाएं देते हुए, ग्रामवासियों को शांतिपूर्ण ढंग से होली खेलने के धन्यवाद अर्पित किया।

### मुंडा में गूंजा फागुन गीत



**मुंडा।** फागुन पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह त्यौहार बुधवार 4 तारीख को हर्षोल्लास के साथ रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली त्यौहार की शुभकामनाएं दी और होलिका दहन में पहुंचकर छेना चावल नारियल चढ़ाकर पूजा अर्चना कर शांति सुख समृद्धि की कामना किया। होलिका दहन की राख से टीका लगाकर एक दूसरे को होली त्यौहार की शुभकामनाएं दिया।

### मुरा में शराब की अवैध बिक्री जोरों पर

**बंगोली।** खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम मुरा में इन दिनों अवैध शराब बिक्री का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। गांव के गली-मोहल्लों तथा तालाब पार क्षेत्र में खुलेआम अवैध शराब बेची जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में अवैध शराब बिक्री करने वाले कुछ कोचियों पर पुलिस द्वारा कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया था, लेकिन जेल से छूटने के बाद उनके हौसले फिर से बुलंद हो गए हैं और आज भी खुलेआम अवैध शराब का बिक्री जारी है। होली दिवस पर प्रति पौवा तीन सौ रुपये तक शराब बेची गई। अवैध शराब पुरुष ही नहीं महिला द्वारा भी बेची जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन और खरोरा थाना से मांग की है कि ग्राम में अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए तथा ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई कर गांव में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने की मांग ग्रामीणों ने की है।

### प्रेस क्लब में सदस्यों ने मनाई होली

**बलौदाबाजार।** नगर के प्रेस क्लब परिसर ने होली पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के सभी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। रंगों के इस पर्व पर पत्रकारों ने आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश देते हुए एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान पारंपरिक गीत-संगीत, हास्य-विनोद और आत्मीय संवाद का दौर चलता रहा। पूरे परिसर में उल्लासपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहा। पत्रकारों ने दैनिक व्यस्तताओं के बीच इस आयोजन को आपसी संबंधों को मजबूत करने का अवसर बताया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि पत्रकारिता के दायित्वों के साथ-साथ सामाजिक समरसता और आपसी एकता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।



### प्राथमिक शाला में होली उत्सव मना



**रवान।** प्राथमिक विद्यालय भरसेला बड़ा के विद्यालय परिसर में रंगों के साथ-साथ बच्चों की खिलखिलाहट भी गूंज उठी। डॉ. कमलेश कुमार सेन प्रधान पाठक के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों एवं भारती पाण्डेय, माला साहू शिक्षक, लखन पैकरा की सहभागिता से हर्षोल्लास के साथ होली मिलन आयोजित किया गया। नगाड़ों की थाप, बच्चों की हंसी और रंगों की फुहार ने पूरे विद्यालय को उत्सवमय बना दिया। बच्चों ने उत्साह के साथ होली का आनंद लिया और विद्यालय में प्रेम, अपनत्व तथा सौहार्द का सुंदर वातावरण देखने को मिला। जब बच्चों की टोली हो, तो होली अपने आप रंगीन हो जाती हैं।

# एसपी ने ली समीक्षा बैठक : दोषमुक्ति के कारणों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अपराधिक प्रकरणों में आरोपियों को सजा दिलाने और अभियोजन पक्ष को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से 6 मार्च को पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में लोक अभियोजन अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों ने दोषमुक्त हुए प्रकरणों का गहन विश्लेषण किया।

बैठक के दौरान न्यायालयों द्वारा विभिन्न प्रकरणों में आरोपियों को छोड़े जाने के पीछे के तकनीकी और व्यावहारिक कारणों पर चर्चा की गई। अभियोजन पक्ष ने स्पष्ट किया कि अक्सर कुछ कारणों से आरोपी बच निकलते हैं। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन में लापरवाही। महत्वपूर्ण गवाहों और प्रार्थियों का समय पर पक्षद्रोही हो जाना। विवेचना में तथ्यात्मक त्रुटियां।



पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने सभी विवेचकों को निर्देशित किया कि वे प्रकरण के प्रार्थियों और गवाहों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखें। उन्होंने कहा गवाहों को उनके पूर्व कथनों पर दृढ़ रहने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि वे न्यायालय में निर्भीक होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकें। इससे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित होगा।

बैठक में नवीन अपराधिक प्रक्रिया संहिता के तहत चर्चा करते हुए एसपी ने स्पष्ट किया कि यदि आरोपी पक्ष बार-बार स्थगन लेकर पेशी टालने की कोशिश करता है या अनुपस्थित रहता है, तो अभियोजन अधिकारियों को न्यायालय के समक्ष कड़ी आपत्ति दर्ज करानी होगी। इससे मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित हो सकेगा।

बैठक में डीडीपीओ गजेंद्र साहू, डीपीओ सरिता शर्मा, शासकीय अभिभाषक तामेश्वर वर्मा, राजेश कौशिक अभियोजन अधिकारी और विभिन्न एडीपीओ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, एसडीओपी तारेश साहू भाटापारा, एसडीओपी अपूर्वा क्षत्रिय बलौदाबाजार, उप पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर वासनिक, राजेश श्रीवास्तव सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित थे। बैठक के अंत में विवेचना और जांच में आने वाली अन्य तकनीकी कमियों को दूर करने के लिए विशेष कार्ययोजना पर प्रकाश डाला गया।

# आर्डर शीट लंबित रखने पर तहसीलदार को नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को लवन में तहसील कार्यालय एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील कार्यालय में निरीक्षण के दौरान लंबित प्रकरणों का अवलोकन किया एवं आर आई प्रतिवेदन प्राप्त होने के ढाई महीने बाद भी ऑर्डरशीट पूरा नहीं करने पर तहसीलदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान राजस्व सबंधी कार्य को लेकर तहसील पहुंचे ग्रामीणों से बात की और उनकी समस्या सुनी। एसडीएम और तहसीलदार को जल्द निराकरण के निर्देश दिये। नक़ल शाखा में लिपिक से नक़ल के आवेदन एवं प्राप्त करने वाले ग्रामीणों की जानकारी ली। उन्होंने नक़ल प्राप्त करने वाले एक ग्रामीण आकाश शर्मा से फ़ोन पर बात की और नक़ल प्राप्त करने की प्रक्रिया में किसी प्रकार की दिक्कत के बारे में पूछताछ की। आकाश वर्मा ने बताया की उन्हें नक़ल प्राप्त हो गया है और कोई दिक्कत नहीं हुईं। इसके पश्चात लोक सेवा केंद्र एवं भुईया क़क्ष का अवलोकन किया और साफ सफाई हेतु निर्देशित किया।

■ कलेक्टर ने तहसील कार्यालय एवं हायर सेकंरी स्कूल का किया निरीक्षण



कलेक्टर ने इसके पश्चात स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।

यहां कक्षा 10 वीं की गणित विषय का परीक्षा संचालित था। कलेक्टर ने केन्द्राध्यक्ष से केन्द्र में व्यवस्था और अन्य सुविधा की जानकारी ली तथा पारदर्शिता पूर्व परीक्षा आयोजन के निर्देश दिये। बताया गया कि परीक्षा में कुल 450 में से 436 छात्र उपस्थित थे। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम प्रकाश कोरी, तहसीलदार पेखन टोण्ड्रे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं माहेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम कोरदा की रहने वाली माहेश्वरी यादव की कहानी उन महिलाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है, जो अपने परिवार को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना चाहती हैं। करीब चार साल पहले तक माहेश्वरी का जीवन घर-परिवार की सामान्य जिम्मेदारियों तक सीमित था लेकिन बिहान समूह से जुड़ने के निर्णय ने उनके सपनों को नए पंख दे दिए। अपने पति रामेश्वर यादव के सहयोग और बिहान योजना के माध्यम से मिली आर्थिक मदद से उन्होंने गांव में ही एक छोटी सी किराना दुकान की शुरुआत की। उनकी मेहनत और बेहतर प्रबंधन का ही परिणाम है कि आज यह दुकान उनके परिवार की खुशहाली का मुख्य आधार बन चुकी है। दुकान के सफल संचालन से अब माहेश्वरी सालाना 1 से 1.5 लाख रुपये की आय अर्जित कर रही हैं, जिससे उन्होंने लखपति दीदी बनने का गौरव हासिल किया है। इस आर्थिक स्थिरता का सबसे सकारात्मक प्रभाव उनके बच्चों के भविष्य पर पड़ा है। उनके तीन बेटे हैं, जो फिलहाल 12वीं, 8वीं और 5वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे हैं। माहेश्वरी जी अब बिना किसी वित्तीय बोझ के अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर पा रही हैं। बिहान समूह ने न केवल उन्हें समाज में एक नई पहचान दिलाई, बल्कि उन्हें एक सफल उद्यमी के रूप में स्थापित कर यह साबित कर दिया कि यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो, तो गांव की गलियों से भी सफलता के बड़े मुकाम हासिल किए जा सकते हैं। इसके लिए माहेश्वरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया है।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic — Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
06 मार्च 2026
SHOW TIME
मुरली (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00 PM
सुपर हीरोस हिन्दी
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# पीएम ने गिनाये बजट के लक्ष्य और योजनाओं की उपलब्धि

## कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन विषय पर प्रधानमंत्री के वेबिनार का केवीके भाटापारा से हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

यहां के कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार का सीधा प्रसारण केंद्र परिसर में किया गया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विभाग के अधिकारियों, प्रगतिशील किसानों तथा ग्रामीण उद्यमियों ने वेबिनार को ध्यानपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 के बाद सरकार का प्रमुख लक्ष्य बजट में घोषित योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना है। उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य से चार प्रमुख क्षेत्रों कृषि, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य पालन और ग्रामीण आजीविका को केंद्र में रखते हुए आठ वेबिनार सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि नीति निर्माण और क्रियान्वयन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके।वेबिनार में उच्च मूल्य वाली कृषि को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा की गई। इसके अंतर्गत काजू, नारियल, चंदन, अगरवुड, बादाम, अखरोट तथा चीड़ जैसी फसलों की संभावनाओं को रेखांकित किया गया। साथ ही कृषि क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग से खेती को अधिक लाभकारी बनाने के अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया गया।



### पशुपालन मूल्य श्रृंखला में निजी निवेश और उद्यमिता को बढ़ावा

वेबिनार के विभिन्न सत्रों में पशुपालन मूल्य श्रृंखला में निजी क्षेत्र के निवेश और उद्यमिता, जलाशयों और अमृत सरोवरों के माध्यम से मत्स्य पालन का एकीकृत विकास, तटीय मत्स्य पालन मूल्य श्रृंखलाओं को सुदृढ़ करना, तथा एसएचई-मार्ट्स के माध्यम से ग्रामीण महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं के विपणन के नए मार्ग विकसित करने जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।इस अवसर पर बताया गया कि केंद्रीय बजट 2026-27 में कृषि क्षेत्र के लिए 1,62,671 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष के संशोधित अनुमान से लगभग 7 प्रतिशत अधिक है। कार्यक्रम के अंत में कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने कहा कि इस प्रकार के वेबिनार किसानों, वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम हैं, जिससे कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों और योजनाओं के क्रियान्वयन को गति मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### रिमझिम बनीं चार्टर्ड अकाउंटेंट



**बलौदाबाजार।** शहर की 22 वर्षीय रिमझिम साहू ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार और शहर का नाम रोशन किया है। नियमित 8 से 10 घंटे की पढ़ाई और कड़ी मेहनत के दम पर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। रिमझिम के पिता कन्हैया साहू पिता स्व. माखन लाल साहू शहर में पेट्रोल पंप का संचालन करते हैं, जबकि माता रोशनी साहू गृहिणी हैं। रिमझिम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता सहित पूरे परिवार को दिया है। उन्होंने सीए की तैयारी कर रहे अन्य लोगों को सलाह दी कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और निरंतर मेहनत से इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजन चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, बलराम साहू, गोपाल साहू, सतीश साहू, रोमी साहू, सागर साहू, वैशाली साहू सहित साहू समाज और शहरवासियों ने हर्ष जताया हैं।

### कंडरा समाज का वार्षिक अधिवेशन 8, 9 मार्च को

**बंगोली।** कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज राजिम राज छग के तत्वावधान में 8 व 9 मार्च को दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन कंडरा सामाजिक भवन राजिम में रखा गया है।



कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू द्वारा कंडरा सामाजिक भवन के लिए 25 लाख स्वीकृति का भूमि पूजन, आदिवासी नृत्य व कंडरा समाज के शिक्षा, कला व अन्य क्षेत्रों तथा समाज के बड़े बुजुर्गों का सम्मान तथा राजिम नगर के अध्यक्ष, महामंत्री, सभापति व पार्षदजन विशिष्ट अतिथिगणों का सम्मान किया जायेगा। बैठक के द्वितीय दिवस मे सामाजिक प्रकरणों पर चर्चा, निराकरण कर बैठक समापन किया जायेगा। उक्त जानकारी कंडरा समाज के पूर्व सचिव, मीडिया प्रभारी जगदेव राम कंडरा बंगोली ने दी है।

## निधन

### बीआर शर्मा



**भाटापारा।** शिक्षाविद रिटायर्ड प्राचार्य, बीईओ भोला राम चौबे (बीआर शर्मा) का 5 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 मार्च शुक्रवार को सुबह 9.30 बजे उनके गृह ग्राम उदयबंद (चांपा) में किया गया। वे राजेंद्र कुमार चौबे, मधुकांत चौबे, एसडीओ पीडब्ल्यूडी संदीप चौबे के पिता थे।

## निरीक्षण : देर से आने पर आधे दिन व पूरे दिन का वेतन काटने की चेतावनी

# कलेक्टर के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले कर्मचारी, नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



नवपदस्थ कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई कार्यालय के अधिकारी -कर्मचारी अनुपस्थित मिले जिस पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा का राज्य शासन के निर्देशानुसार सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित रहे। बायोमेट्रिक अटेंडेंस की व्यवस्था है सभी अपनी उपस्थिति समय पर दर्ज करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि 10: 15 बजे के बाद उपस्थिति दर्ज होने पर आधे दिन का एवं 10 :30 बजे के बाद दर्ज होने पर संबंधित अधिकारी -कर्मचारी का फूल डे वेतन काटा जाएगा। उन्होंने कार्यालयों में साफ -सफाई एवं दस्तावेजों का उचित रखरखाव करने, शौचालय को स्वच्छ रखने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान डीएमएफ शाखा, जिला कोषालय, जिला योजना एवं सांख्यिकी, आयुष विभाग, उद्यानिकी, मछली पालन, आबकारी, खनिज, आदिवासी विकास, महिला एवं बाल विकास, शहर एवं ग्राम निवेश, हस्तशिल्प, खाद्य विभाग,उद्योग विभाग, कौशल विकास, समाज कल्याण, राजस्व विभाग अंतर्गत विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया।

इस दौरान अपर कलेक्टर एआर.टंडन, निशा नेताम मड़ावी, संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### वृद्धाश्रम पहुंचे कलेक्टर, केयर टेकर को गुणवत्तापूण भोजन और साफ-सफाई के दिये निर्देश

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को नगर स्थित वृद्धाश्रम श्री वाटिका पहुंचकर बुजुर्गों को होली की शुभकामनायें दीं। उन्होंने गुलाल लगाकर बुजुर्गों को सम्मानित किया और उपहार भी दिये। कलेक्टर ने बुजुर्गों से कुशलक्षेम पूछते हुए उनकी समस्याएं भी सुनी। उनकी मांग पर आवश्यकता अनुसार साबुन और डिटर्जेंट पाउडर देने, गुणवत्तापूर्ण भोजन एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश केयर टेकर को दिये। इसके साथ ही उप संचालक समाज कल्याण को निर्देशित किया कि वृद्धाश्रम का नियमित निरीक्षण करें और बुजुर्गों का अपने परिवार की तरह देखभाल करें। उन्होंने आश्रम के रसोई घर,भंडार क्रक्ष, शयनक्रक्ष एवं मनोरंजन क्रक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित बच्चों से पढ़ाई के बारे में पूछ ताछ करते हुए पहाड़ा सुनाने कहां जिस पर क्रक्ष 5 वीं एवं 6वीं के बच्चों ने पहाड़ा सुनाया। कलेक्टर ने खूब पढ़ाई कर मंजिल हासिल करने प्रोत्साहित किया। बताया गया कि वृद्धाश्रम में कुल 17 बुजुर्गों का पंजीयन है, वर्तमान में 17 बुजुर्ग निवासरत है। विश्राम के साथ चाय नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था है। माह में दो बार स्वास्थ्य जांच कराया जाता है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, एसडीएम प्रकाश कोरी, उप संचालक सिनीवाली गोयल उपस्थित थे।




# पूर्व माध्यमिक शाला में विश्व विज्ञान दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

विकासखंड अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला छुईहा में विश्व विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार जांगड़े उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान पाठक अरुण कुमार टंडन ने तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में त्रिलोक हरिप्रिय शामिल हुए। अतिथियों ने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है और विद्यार्थियों को प्रयोग एवं अनुसंधान के माध्यम से नई खोजों की ओर अग्रसर होना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न आकर्षक एवं शिक्षाप्रद विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए गए। जैसे सौरमंडल, पवनचक्की, वर्षा चक्र सहित अनेक मॉडलों में बच्चों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चांदनी सोनवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, आशीष टंडन द्वितीय तथा नंदनी महिलांगे तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को 150 रुपये नगद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र, मेडल, पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर सम्मानित किया गया।

# सड़कों की मरम्मत 15 जून तक पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

> ■ समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के कार्यों को गंभीरता से लिया

अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे राजस्व प्रकरण एवं अन्य स्थानीय समस्याओं का निराकरण तहसील एवं जनपद स्तर पर हो जाना चाहिए। इसके लिये लोगों को जिला कार्यालय न आना पड़े यह सुनिश्चित हो। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने यह निर्देश मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान छोटी-छोटी समस्याओं से सबंधित आवेदनों की अधिक संख्या को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाय, सीएमजीएसवाय से समाबंधित सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब है उनकी चिन्हांकन कर प्राथमिकता से मरम्मत शुरू करें और सभी मरम्मत कार्य बारिश से पहले 15 जून तक पूरा कराएं।

इसी तरह सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए ब्रेकर में सफेद पट्टी लगाने, ब्लैक स्पॉट के पास संकेतक लगाने तथा शोल्डर ठीक सुधारने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एप्रोच रोड को मुख्य मार्ग से सीधे नहीं मिलना चाहिए बल्कि दाएं-बाये ओर से घुमावदार ताकि दुर्घटना न हो।

बैठक में डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत दिव्या गौतम, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अभिषेक गुप्ता, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, तहसील जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



### निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं:

उन्होंने सड़क एवं अन्य निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने और कोई समझौता नहीं करने के हिदायत दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने जल जीवन मिशन के तहत हर-घर नल से जल पहुंचाने के कार्य के दौरान पाइप लाइन बिछाने में सड़क खोदकर फिर से भरने और गांव के अंतिम घर के नल पानी की पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश पीएचई के अधिकारी को दिये। इसके साथ ही जल संरक्षण हेतु हैंडपम्प के पास सोखता गड्ढों का निर्माण करने कहा। कलेक्टर अटल मॉनिटरिंग पोर्टल द्वारा विभागों के लिये निर्धारित संकेतकों के अनुसार लक्ष्य पूरा कर चौम्पियन जिला बनाने कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, सीपीग्राम्स, जनशिकायत, कलेक्टर जनदर्शन, राजस्व न्यायालय आदि में लंबित आवेदनों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिये।




शादियों में उपहार योग्य प्रोडक्ट्स होलसेल रेट में उपलब्ध
साड़ियाँ, शर्ट पीस
पेन्ट पीस, कोम्बो सेट
धोती, कुर्ता, लुंगी, टॉवेल
✓ मेन्स वियर ✓ कोटसूट ✓ जोधपुरी ✓ इंडो वेस्टर्न ✓ शेरवानी ✓ कुर्ता पैजामा ✓ पेंट शर्ट
✓ साड़ियाँ, ✓ घाघरा चुन्नी, ✓ सलवार सूट, ✓ सूटपीस, ✓ कुर्तियाँ, ✓ ड्रेस मटेरियल्स
साथ में हैण्डलूम एवं किड्स वियर
ब्रांडेड एवं अनब्रांडेड कपड़ों की विशाल रेंज व्हेरायटी देखने अवश्य पधारें...
सिटी सेंटर, भाटापारा • गंज रोड, नवापारा राजिम • बलौदा बाजार रोड, खरोरा
इंडस इंड बैंक के सामने, बिलासपुर रोड, सिमगा
FOR FRANCHISE ENQUIRY - 91096 47300 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com | CUSTOMER CARE - 89820 44000

online Booking:-www.tripuryatra.com


रामेश्वरम् धाम यात्रा
14 अप्रैल, 19 मई 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 9340638884


नेपाल विदेश यात्रा
मुक्तिनाथ टेम्पल, 108 धारा, गंडकी नदी (शालीग्राम पत्थर) जनकपुर (सीता माता जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंठ, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विन्ध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी
यात्रा दिनांक: 01 अप्रैल 2026, 07 मई 2026, 21 मई 2026, 03 जून 2026, 03 सितम्बर 2026
14 दिन की यात्रा
ऑफर ₹ 23,500/-3AC ऑफर ₹ 34,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office: ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)